करगहर कांड का उद्भेदन, तीन अपराधी गिरफ्तार

डालमियानगर रोहतास आससे। करगहर थाना कांड संख्या 164/26 का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए कुल तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और पैशन प्रो बाइक बरामद की गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 9 अक्टूबर की सुबह 6.36 बजे करगहर थाना के जमु टोला गांव में एक बच्चा मेन रोड पर स्कूल बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान अपाची गाड़ी से आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने बच्चे को गोली मारकर फरार हो गए थे।

घटना की सूचना पर वरीय पुलिस पदाधिकारी ने टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया। गठित टीम द्वारा तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान विश्वासु कुमार, रागनी कुमारी और सतीश कुमार के रूप में हुई है। दो विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त उजले रंग की अपाची बीआर24यू2794 और पैशन प्रो बीआर01एवी1830 को बरामद किया है। रोहतास पुलिस ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

जनार्दन तिवारी हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार , दो अन्य आरोपी पूर्व में गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव निवासी जनार्दन तिवारी उर्फ बच्चा तिवारी हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य प्राथमिकी आरोपित ओमप्रकाश शर्मा उर्फ नन्हू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे 24 अक्टूबर को शिवसागर बाजार से पकड़ा। इस मामले में दो अन्य आरोपितों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डेहरी से 25 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 24 अक्टूबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि करगहर थाना कांड संख्या 406/26 का प्राथमिकी आरोपित ओमप्रकाश शर्मा उर्फ नन्हू शिवसागर बाजार में घूम रहा है। सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित की गई। टीम ने शिवसागर थाना क्षेत्र के बाजार में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपित ने कथित तौर पर बताया कि 19 अक्टूबर की रात करीब 9ः30 बजे जनार्दन तिवारी उर्फ बच्चा तिवारी के साथ उसकी गाली-गलौज हुई थी। इसके बाद गुस्से में आकर उसने जनार्दन की हत्या कर दी। पुलिस विज्ञप्ति के मुताबिक, आरोपित ने आगे बताया कि उसने अपने भाई गुड्डू शर्मा और चचेरे भाई शंभु शर्मा को फोन कर निर्माणाधीन मकान पर बुलाया था। इसके बाद तीनों शव को ठिकाने लगाने के लिए गांव से बाहर ले जा रहे थे।

इसी दौरान गांव की ओर से टेंपो आने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वे जनार्दन तिवारी के शव को रामदुलार शर्मा के घर के बगल में छोड़कर अपने-अपने घर भाग गए। ये बातें पुलिस ने आरोपित से पूछताछ के दौरान सामने आने की जानकारी दी है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में डुमरा गांव निवासी शंभु शर्मा और गुड्डू शर्मा को 22 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पुलिस ने मामले में तीन मोबाइल फोन बरामद किए जाने की भी जानकारी दी है। कांड में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से रोहतास में मौसम बिगड़ने की चेतावनी

डालमियानगर रोहतास आससे। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बिहार में मौसम बदलने की संभावना है। 27 एवं 28 अक्टूबर को रोहतास सहित दक्षिण-पश्चिम बिहार में भी मेघ गर्जन, वज्रपात और आंधी-पानी की संभावना है।

संभावित खराब मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क है। जिला पदाधिकारी ने तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों और सभी अंचल अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने, निगरानी रखने और त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है। मध्य प्रदेश में मूसलाधार बारिश की चेतावनी के कारण सोन नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव की आशंका है। प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से विशेष सावधानी बरतने, मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने और सोन टीला पर नहीं ले जाने की अपील की है। लोगों को नदी किनारे न जाने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

वहीं किसानों से अपील की गई है कि पकी हुई फसलों की कटाई कर सुरक्षित सूखे स्थान पर रखें, ताकि बारिश से नुकसान कम हो।

प्रशासन ने लोगों से वज्रपात के दौरान खुले मैदान, पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने और पक्के मकान में शरण लेने की अपील की है।

औरंगाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम की सुनी 'मन की बात' की 139वीं कड़ी

औरंगाबाद (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 139वीं कड़ी को रविवार को औरंगाबाद शहर के वार्ड नंबर-7 स्थित रामराज नगर में भाजपा नेता अरविंद सिंह जी के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में सामूहिक रूप से सुना ।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के बीच जनभागीदारी, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत, आधुनिक तकनीक, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण संरक्षण, अंगदान तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्थानीय कारीगरों, किसानों और पारंपरिक हुनर से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करने की अपील की ।प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने से देश के कारीगरों, छोटे उद्यमियों और किसानों को आर्थिक मजबूती मिलती है। उन्होंने बिहार के पूर्णिया के मखाने के ग्रीस तक पहुंचने का उदाहरण देते हुए बताया कि भारतीय स्थानीय उत्पाद अब वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने त्योहारों की खरीदारी में स्वदेशी वस्तुओं और स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने पंजाब में प्राकृतिक एवं जैविक कपास की खेती और पारंपरिक बुनकरी को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, उन्होंने खादी की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए बताया कि गांधी जयंती के अवसर

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भर भारत और जनभागीदारी का किया आह्वान

पर खादी ग्रामोद्योग के उत्पादों की एक दिन की बिक्री 28 करोड़ रुपये से अधिक रही। प्रधानमंत्री ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवा 'ई-संजीवनी' की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके माध्यम से लगभग 50 करोड़ टेली-परामर्श किए जा चुके हैं। उन्होंने दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में तकनीक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इसके अतिरिक्त, आईआईटी मद्रास में मस्तिष्क अनुसंधान, भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियों, अंगदान के महत्व तथा युवाओं के नवाचारों की चर्चा करते हुए उन्होंने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित होने वाले 'रन फॉर यूनिटी' में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि 'मन की बात' देश के सामान्य नागरिकों के असाधारण कार्यों, सकारात्मक प्रयासों और प्रेरणादायक उपलब्धियों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा, समर्पण तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

कार्यक्रम में भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, ई. वीरेंद्र पाठक, विकेश कुमार, कमल कुमार यादव, अमर उजाला, आशुतोष कुमार, चंद्रकांत कुमार, रघुनाथ राम, रविरंजन कुमार, अमरेंद्र कुमार सिंह, रामानुज पांडेय, संजय कुमार राय, सत्येंद्र सिंह, शिवचंद्र राम, टूना गुप्ता, तुलसी प्रसाद सिंह, सरजू सिंह, सरवन प्रजापति, कमलेश राय सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पातालगंगा देव में मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड में ले जाने के खिलाफ आक्रोश

देव (औरंगाबाद)। भगवान सूर्य की पावन नगरी और संतों की तपोभूमि पातालगंगा देव में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड में तब्दील किए जाने के विरोध में देव के बगीचा रिसोर्ट में स्थानीय लोगों और राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। %राष्ट्रीय किसान मजदूर विकास मंच% के बैनर तले आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में वक्ताओं ने सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इसे जनता के साथ बड़ा छल करार दिया है। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि मेडिकल कॉलेज को सरकारी के बजाय निजी हाथों (पीपीपी मोड) में सौंपा गया, तो सड़क से लेकर संसद तक उग्र आंदोलन किया जाएगा और आगामी चुनावों में ऐसे जनप्रतिनिधियों का तख्तापलट कर दिया जाएगा।

वक्ताओं ने याद दिलाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान पातालगंगा में सरकारी मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा की थी और इसके लिए फंड भी अलॉट किया गया था। लेकिन मुख्यमंत्री बदलने के बाद इसे चुपके से पीपीपी मोड में भेजने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिसे देववासी कतई बर्दास्त नहीं करेंगे। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्राइवेट या पीपीपी मोड में इलाज और शिक्षा बेहद महंगी हो जाती है। यहाँ तक कि मृत शरीर (डेड बॉडी) को छुड़ाने के लिए भी पैसे चुकाने पड़ते हैं।

पातालगंगा और आसपास का इलाका ग्रामीण व पिछड़ा क्षेत्र है, जहाँ के गरीब लोग महंगे निजी इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। मठ की जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा हीं दान में दिया गया है =* बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि पातालगंगा की यह जमीन पूर्वजों और संतों की तपोभूमि से जुड़ी है। मठ की जमीन का उपयोग जनहित और सरकारी संस्थान के लिए होना चाहिए, न कि पूंजीपतियों को लाभ पहुँचाने के लिए। यह क्षेत्र स्टेट हाईवे 101 पर झारखंड के करीब स्थित है, जिससे पड़ोसी राज्य के लोगों और देव आने वाले लाखों देश-विदेश के श्रद्धालुओं व पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलता। सरकारी कॉलेज बनने से गरीब बच्चों को कम खर्च पर पढ़ाई और जनता को सस्ता इलाज मिल सकेगा।

बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनता ही सरकार की असली मालिक है। यदि जनप्रतिनिधियों ने जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया, तो देव की पावन धरती पर उनका विरोध किया जाएगा और उन्हें घुसने तक नहीं दिया जाएगा। राष्ट्रीय किसान मजदूर विकास मंच ने सभी राजनीतिक दलों और स्थानीय नेतृत्व से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनहित में एकजुट होने की अपील की है। आंदोलन की अगली रणनीति के तहत स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपने और चरणबद्ध तरीके से जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

इस विरोध सभा को सफल बनाने और जनता को जागरूक करने में बेढ़नी मुखिया मनोज सिंह, रत्नाकर सिंह, भूपेश यादव, राजदेव भगत, रविन्द्र सिंह, राजेंद्र गुप्ता, रामचंद्र चौरसिया, अरोरा पैक्स अध्यक्ष राजेश यादव, गुड्डू चंद्रवंशी, विजय सिंह, नंदकिशोर मेहता, शिवपुजन सिंह, संतोष यादव, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, रमाकांत सिंह, विजय पासवान, बंसीधर चौरसिया, धरमदेव यादव, संजय मेहता, रामबिलास राम, प्रमोद कुमार, इकबाल अहमद, नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, सूर्यदेव यादव, दीपक गुप्ता, उपेंद्र यादव और बिरजा यादव समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

भाजपा नेता नितिन अभिषेक का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

दाउदनगर (औरंगाबाद) (आससे)। भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता नितिन अभिषेक का रविवार को दाउदनगर के भखरुआं



मोड़ पर जमकर स्वागत किया गया। श्री अभिषेक सड़क मार्ग से औरंगाबाद जिला मुख्यालय में आयोजित एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे। दाउदनगर नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्री अभिषेक को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, सुनील दुबे, सोनू तिवारी, भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अवधेश पासवान, भाजपा ग्रामीण के अध्यक्ष रंजन कुमार वर्मा ,महामंत्री पहलाद प्रसाद ,पिंटू यादव, अनूप मनोहर, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष संजय पासवान, दयाशंकर चंद्रवंशी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

डालमियानगर में 29 से आयोजित होगी नौदिवसीय 48 वां श्री हनुमान जयंती समारोह

डिहरी-ऑन-सोन (आससे)। डालमियानगर के रत्तू बिगहा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में 29 अक्टूबर से 48वें श्री हनुमान जयंती समारोह का शुभारंभ होगा। श्री हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक समारोह में विभिन्न संत-महात्मा श्रद्धालुओं को सत्संग, प्रवचन और आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश देंगे। नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ, भजन-कीर्तन और प्रवचन होंगे। संस्थान ने धर्मानुरागी श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पहुंचकर संत-महात्माओं के दर्शन और प्रवचन का लाभ उठाने की अपील की है। संस्थान की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, स्वर्गीय रामाकांत त्रिपाठी द्वारा स्थापित श्री हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ संस्थान की ओर से हर वर्ष की भांति इस बार भी समारोह आयोजित किया जा रहा है।

स्कूली बच्चे को गोली मार हत्या मामले में एक युवती सहित तीन गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र के जगू टोला गांव में स्कूली बच्चे को गोली मारने के मामले में पुलिस ने एक युवती सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले में दो विधि-विरुद्ध बालकों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं।

पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति मे कहा गया है कि बीते नौ अक्टूबर की सुबह 6ः36 बजे जगू टोला गांव में एक बच्चा मुख्य सड़क पर स्कूल बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान अपाची मोटरसाइकिल से पहुंचे दो अज्ञात व्यक्तियों ने बच्चे को गोली मार दी और फरार हो गए। घटना के बाद कच्छवां थाना में कांड संख्या 164/26 दर्ज किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें कच्छवां थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी प्रियाशु कुमार, जगू टोला कैथी निवासी रागनी कुमारी और नासरीगंज थाना क्षेत्र के अगनी गांव निवासी सतीश कुमार शामिल हैं। पुलिस ने दो विधि-विरुद्ध बालकों को पकड़े जाने की भी पुष्टि की है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान सफेद रंग की अपाची मोटरसाइकिल नंबर 242794) और पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की है।

दोहरे हत्याकांड में तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेदा गांव में दो लोगों की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, सात सितंबर 2026 को बेदा गांव में अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर दो लोगों की हत्या कर दी थी। घटना को लेकर सासाराम मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 261/26 दर्ज किया गया था। मामले की जांच और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर टीम बनाई गई थी।

पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बनरसिया गांव के तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इनमें करण कुमार और शत्री कुमार, दोनों के पिता सुरेंद्र बिंद हैं। तीसरे आरोपित अभिषेक कुमार के पिता विजेंद्र पासी हैं। तीनों सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनरसिया गांव के निवासी हैं।

पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। हालांकि, हत्या की वजह और घटना में प्रत्येक आरोपित की भूमिका को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

दरिगांव पुलिस का बड़ा एक्शन, 3000 लीटर महुआ पास किया विनष्ट

डिहरी ऑन सोन (आससे)। अवैध शराब के निर्माण और कारोबार पर रोक लगाने के लिए रोहतास पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में दरिगांव थाना क्षेत्र के कादिरगंज गांव में पुलिस ने छापेमारी कर करीब 3000 लीटर महुआ पास नष्ट किया। इस कार्रवाई से अवैध शराब के धंधे में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया। दरिगांव थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कादिरगंज गांव में छापेमारी के दौरान करीब 3000 लीटर महुआ पास बरामद कर विनष्ट किया गया। महुआ पास का इस्तेमाल अवैध रूप से देसी शराब बनाने में किया जाता है। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य शराब निर्माण पर अंकुश लगाना और अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब निर्माण में जुटे लोगों को सख्त संदेश मिला है। स्थानीय स्तर पर अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस की निगरानी और कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दरिगांव पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

समाजसेवी राम सकल प्रसाद गुप्ता के निधन पर चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि

डिहरी ऑन सोन (आससे)। डिहरी डालमियानगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं अखिल भारतीय बाबा गणिनाथ जी महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य राम सकल प्रसाद गुप्ता का गत दिनों उनके आवास पर निधन हो गया।

उनके निधन की सूचना मिलते ही ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोक-संतप्त परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़...

प्रदेश के सभी खाद्य कारोबारियों से अपील है कि वे स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, गुणवत्तापूर्ण सामग्री और वैध लाइसेंस से संबंधित सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनुचित लाभ के प्रयास में किसी प्रकार की अनियमितता या मिलावट में संलिप्त न हों।

साथ ही, आम नागरिकों से भी अपील है कि खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग और एक्सपायरी डेट अवश्य जांच लें। जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

नीतीश से मेरी कोई दूरी...

छोड़ने की बात कही. हालांकि उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि, वो अपनी पार्टी बना लेंगे. अनंत सिंह ने कहा कि कुछ अगर पार्टी नहीं है, भविष्य देख रहे हैं. जदयू खत्म है, निकाल ले. इलेक्शन होगा, पता लग जाएगा. प्रधानमंत्री पद, मंत्री पद बैठा ले, पता लग जाएगा. इलेक्शन में 10 सीट भी नहीं आएगा. उन्होंने कहा कि, नीतीश जी से कोई दूरी नहीं है, कोई लड़ाई नहीं है. बीमार रहते हैं. कभी जाकर भेंट करेंगे. कोई दिक्कत नहीं है.

वाराणसी में 'विंग्स ओवर...

नमो घाट तक पहुंचे। वाराणसी में गंगा के तट पर भारतीय वायु सेना की ताकत, आधुनिक तकनीक और युद्धक तैयारियों का शानदार प्रदर्शन हुआ। नमो घाट पर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के समापन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वायु सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष हवाई प्रदर्शन में देश की हवाई शक्ति से लेकर भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयारियों तक की झलक देखने को मिली।

भारतीय वायु सेना ने इस एयर शो के जरिए केवल पारंपरिक फ्लाईपास्ट नहीं, बल्कि वास्तविक युद्ध परिस्थितियों से प्रेरित अभ्यासों और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। आज के इस अंतिम कार्यक्रम में लड़ाकू विमानों की विशेष फॉर्मेशन, हवाई युद्ध का सिमुलेशन, अत्याधुनिक सेंसर तकनीक और एरोबैटिक टीमों के करतब प्रमुख आकर्षण रहे।

इस बड़े हवाई प्रदर्शन के लिए देश के 12 एयरबेस से करीब 100 विमानों की भागीदारी निर्धारित की गई। इनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान शामिल हैं। इस अभियान में भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच सटीक तालमेल भी देखने को मिला। इस प्रदर्शन का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की संयुक्त क्षमता, आधुनिक युद्ध प्रणालियों और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय को प्रदर्शित करना है।

आज के एयर शो का सबसे बड़ा आकर्षण छह अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों की एरोहेड फॉर्मेशन रहा। इसमें सुखोई-30 एमकेआई, राफेल, जगुआर, मिराज-2000, एलसीए तेजस और मिग-29 ने एक साथ उड़ान भरी। एक ही फॉर्मेशन में भारतीय वायु सेना के इन छह अलग-अलग लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन ने उनकी क्षमताओं, पायलटों के कौशल और सटीक तालमेल की झलक पेश की। इस प्रदर्शन में विमानों की गति, फॉर्मेशन बनाए रखने की क्षमता और मिशन के दौरान आपसी समन्वय पर खास ध्यान रखा गया। वास्तविक हथियारों के साथ उड़ान भरने वाले विमान भी शामिल रहे।

रविवार को प्रदर्शन में दर्शकों को हवाई युद्ध की रणनीति का सिमुलेशन भी देखने को मिला। दो जगुआर विमानों ने मालवीय पुल के ऊपर तेज गति से हमले का अभ्यास किया, जबकि एक सुखोई-30 एमकेआई ने उन्हें रोकने के लिए इंटरसेप्शन का अभ्यास किया। इस अभ्यास के जरिए यह दिखाया गया कि हवाई युद्ध के दौरान लड़ाकू विमान किस तरह संभावित खतरे का जवाब देते हैं और किस तरह अलग-अलग विमानों के बीच तालमेल के जरिए मिशन को अंजाम दिया जाता है।

एयर शो में सुखोई-30 एमकेआई का तेज गति वाला वर्टिकल मैन्यूवर भी खास आकर्षण रहा। एक सुखोई ने दर्शक दीर्घा के सामने यह करतब दिखाया, जबकि दूसरा सुखोई-30 एमकेआई ने लगभग 8,000 फीट की ऊंचाई से इन्फ्रारेड इमेजिंग पॉड की मदद से पूरे प्रदर्शन को रिकॉर्ड किया ।यह प्रदर्शन लड़ाकू विमानों की उड़ान क्षमता के साथ-साथ आधुनिक सेंसर और इमेजिंग तकनीक की भूमिका को भी सामने लेकर आया।

इस आयोजन में भारतीय नौसेना का समुद्री निगरानी विमान ने भी अहम भूमिका निभाई ।इस विमान ने चेन्नई के पास अरक्कोनम से उड़ान भरकर ग्वालियर के ऊपर मिराज-2000 लड़ाकू विमानों के साथ तालमेल किया और फिर वाराणसी में एयर शो का हिस्सा बना। इस गतिविधि से अलग-अलग सैन्य प्लेटफॉर्म के बीच समन्वय और तीनों सेनाओं की संयुक्त परिचालन क्षमता को प्रदर्शित किया गया।

रविवार को भव्य एयर शो का समापन भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के शानदार हवाई करतबों के साथ हुआ। सूर्य किरण टीम ने अपने सटीक फॉर्मेशन और एरोबैटिक प्रदर्शन से आसमान में रोमांच पैदा किया, जबकि सारंग टीम के हेलीकॉप्टर ने अपनी उड़ान क्षमता और समन्वय का प्रदर्शन किया।

नियुक्ति का इंतजार कर रहे...

डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2024 में शुरू हुई थी. अप्रैल 2025 में परीक्षा परिणाम जारी किया गया और मई-जून 2025 में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई. इसके बावजूद चयनित 5000 अभ्यर्थियों के पैनल में शामिल सभी लोगों की नियुक्ति अब तक नहीं हो सकी है.

अभ्यर्थियों ने नीतीश कुमार से आग्रह किया कि शेष अभ्यर्थियों को अविलंब नियुक्ति पत्र दिलाने की दिशा में पहल की जाए. उन्होंने यह भी मांग की कि सभी नवनियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) की ओर से एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाए.

नीतीश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से आग्रह कर अभ्यर्थियों की मांगों पर जल्द उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे. उनके इस आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रक्रिया में आगे की कार्रवाई की उम्मीद है.

पटना में खरगे का पीएम...

बनी हैं, उन्हें हटाने की मांग की. खड़गे ने इन सरकारों को %चोरी से बनी सरकारें% बताया. उनका आरोप था कि पश्चिम बंगाल, हरियाणा, बिहार और महाराष्ट्र में वोट चोरी के जरिए सरकारें बनाई गई हैं.

खग्गे ने सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग उठाई. उन्होंने स्ढ्ढक्रयानी मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को तुरंत रोकने की बात कही. बिहार के लोगों से इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए इसे आजादी की दूसरी लड़ाई बताया. साथ ही, बीजेपी और आरएसएस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया.

यह कार्यक्रम बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया था. खड़गे ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए आधुनिक बिहार के निर्माण में उनके योगदान को याद किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण सिंह ने लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ कमजोर वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए काम किया था. जमींदारी प्रथा खत्म करने में भी उनकी अहम भूमिका रही. इसके अलावा, कृषि, उद्योग, शिक्षा और सिंचाई के विकास के लिए संस्थाएं बनाने में उनके योगदान का भी जिक्र किया गया.

खग्गे ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार समाजवादी आंदोलन की सोच से निकले नेता रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वह बीजेपी और आरएसएस के साथ चले गए. कांग्रेस के बलिदानों का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा कि इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक ने देश के लिए कुर्बानी दी. राहुल गांधी के संघर्ष का भी उल्लेख किया.

अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के...

किए गए, 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपये नकद बरामद किए गए, और 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि अमित शाह ने पहले नशीले पदार्थों को भारत की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया था और कहा था कि अगर इसे नहीं रोका गया, तो यह देश की तरक्की को बर्बाद कर सकता है। उन्होंने घोषणा की थी कि केंद्र सरकार दिसंबर 2029 तक देश को नशा मुक्त बना देगी। 21 अक्टूबर को नई दिल्ली में %नेशनल पुलिस मेमोरियल% से दिए गए अपने संदेश में, उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की थी कि वे भारत को नशा मुक्त बनाने और इस खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हों।

उन्होंने कहा था कि पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने भारत के विकास में अहम भूमिका निभाई है, जिसमें नक्सलियों से निपटना और नशीले पदार्थों के खिलाफ देश की लड़ाई शामिल है। शाह ने कहा, ये अमर नायक अपने इस संकल्प पर अडिग रहे कि देश की जमीन का एक इंच भी हिस्सा विदेशी हाथों में नहीं जाना चाहिए, और उन्होंने अपना कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। तब से, हर साल 21 अक्टूबर को %पुलिस स्मृति दिवस% के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा, कोई सोच भी नहीं सकता कि अगर इन जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान न दिया होता, तो आज हम कहाँ खड़े होते।

'वोकल फॉर लोकल' से...

हम रहते हैं। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें ही हमारे आसपास बड़े बदलाव ला सकती हैं।

मन की बात के 139वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में लोगों ने मिलकर %हेवल% नदी में नई जान फूंकने की कोशिश की है। कुछ समय पहले, हेवल नदी का जलस्तर घटने लगा था और आस-पास के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख रहे थे। इसके जवाब में स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने मिलकर नदी को बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत, बारिश के पानी को संचित करने, भूजल स्तर को फिर से बढ़ाने (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) और बड़ी संख्या में पेड़ लगाने के उपाय किए गए। आज, इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, हेवल नदी फिर से जीवित हो उठी है और दर्जनों प्राकृतिक जल स्रोत भी बहाल हो गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल के तहत यहां बिना केमिकल का इस्तेमाल किए ऑर्गेनिक कपास उगाई जाती है। यहां प्राकृतिक रंगों वाली कपास भी उगाई जाती है, इससे तैयार धागे और कपड़े को रंगने के लिए अलग से केमिकल इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। आप कल्पना कर सकते हैं, इससे पर्यावरण की कितनी बड़ी मदद हो रही है।

अलग-अलग थानाक्षेत्र में हुई हत्याकांड में 11 अपराधी गिरफ्तार

सासाराम (रोहतास)। जिले के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए हत्याकांड में दो नाबालिग के साथ कुल 11 अपराधियों को रोहतास पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में सासाराम नगर थाना में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पुलिस अधीक्षक मि0 राज ने बताया कि पहली घटना सासाराम मुफस्सिल थाना की है,जहाँ 7 सितम्बर को बेदा में एक महिला सहित दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्या में संलिप्त बनरसिया निवासी करण कुमार,शक्ति कुमार तथा अभिषेक कुमार को धर-दबोचा गया है। जबकि 9 अक्टूबर को कच्छवाँ में हुई एक छात्र की हत्या में शामिल दो नाबालिग के साथ थानाक्षेत्र के चाँदी गाँव निवासी प्रियांशु कुमार,रागिनी कुमारी,जगु टोला तथा नासरीगंज थाना के अगिनी गाँव निवासी सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी तरह से करगहर थाना के डुमरा गाँव में 19 अक्टूबर को जनार्दन तिवारी की हुई हत्या में शामिल डुमरा गाँव निवासी ओमप्रकाश शर्मा,शंभू शर्मा तथा गुड्डू शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। रोहतास पुलिस की यह बड़ी कामयाबी मानी जा रही है जहाँ पुलिस ने हत्याकांड का उदभेदन कर सही हत्यारों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक ने जोर देकर कहा है कि कोई भी अपराधी अब पुलिस की नज़रों से बच नहीं पायेगा,चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो ?

पुराने अनुमंडल परिसर में सब्जी मंडी निर्माण के लिए एसडीम ने किया स्थल का निरीक्षण

बिक्रमगंज (आससे)। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा पुराने अनुमंडल परिसर में प्रस्तावित सब्जी मंडी निर्माण हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी के निर्माण से संबंधित आवश्यक पहलुओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को मंडी निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए इसे जल्द से जल्द तैयार कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

डिहरी में श्री अरविंद सोसाइटी हिंदी क्षेत्रीय समिति का 24 वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित

डिहरी ऑन सोन (आससे)। भारतीय परम्परा में जिन दस अवतारों का जिक्र है, वे केवल पौराणिक कथाएँ नहीं हैं, बल्कि सृष्टि में चेतना के क्रमिक विकास के सोपान हैं।

श्रीअरविन्द सोसायटी हिन्दी क्षेत्रीय समिति के 24वें वार्षिक सम्मेलन को यहां एक होटल के सभागार में सम्बोधित करते श्रीअरविन्द आश्रम पुदुचेरी से पधारे वरिष्ठ साधक डा.आलोक पाण्डेय ने श्रीअरविन्द के आलोक में अवतारवाद विषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि परशुराम, राम और कृष्ण मानव चेतना में नैतिकता, मर्यादा और प्रेम का पूर्ण विकास है ।उन्होंने कहा कि श्रीअरविन्द के अनुसार गीता का सम्भवामि युगे युगे किसी बाहरी चमत्कार की घोषणा नहीं, बल्कि एक आश्वासन है कि ईश्वरीय चेतना कभी मनुष्य को अकेला नहीं छोड़ती। जब-जब मनुष्य अंधकार में भटकता है, तब-तब वही चेतना किसी न किसी रूप में अवतरित होकर मार्ग दिखाती है।

उन्होंने कहा कि कल्कि अवतार भविष्य का प्रतीक है, जो मानव को अतिमानव की ओर ले जाने वाला है, और श्रीअरविन्द का सम्पूर्ण योग इसी भविष्य के अवतरण की तैयारी है।

बिहार राज्य समिति के अध्यक्ष श्री नारायण लाल दास ने कहा कि सम्भवामि युगे युगे केवल गीता का श्लोक नहीं, बल्कि सृष्टि का शाश्वत नियम है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व जिन संकटों से गुजर रहा है - पर्यावरण, युद्ध, मानसिक तनाव - उसका समाधान केवल बाहरी विकास में नहीं, बल्कि श्रीअरविन्द द्वारा दिखाए गए चेतना के रूपांतरण में है।

दिल्ली आश्रम से पधारी डा.अपर्णा राय ने आह्वान किया कि वे श्रीअरविन्द के साहित्य को पढ़ें और सम्भवामि युगे युगे के भाव को अपने जीवन में उतारें।

श्रीअरविन्द के आलोक में समग्रता, पूर्णता और रूपांतरणविषय पर व्याख्यान दिया।

उन्होंने कहा कि श्रीअरविन्द का योग अधूरा नहीं, समग्र योग है।

उन्होंने कहा कि सम्भवामि युगे युगे की प्रक्रिया भी इसी रूपांतरण के लिए है। हर युग में भगवान अवतरित होकर मनुष्य को पूर्णता की ओर ले जाने का कार्य करते हैं, और वर्तमान युग में श्रीअरविन्द और श्रीमाँ का अवतरण इसी महत् रूपांतरण के लिए हुआ है।

समिति क्षेत्रीय समिति हिंदी क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष अमोद कुमार ने श्री अरविन्द के संदेशो को जन जन पहुंचाने का आह्वान किया।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९२३
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।